# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 16.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण,अमर उजाला, हिन्दुस्तान,न्यायाधीश,परफेक्ट मिशन जागरूक एक्स्प्रेस, ज्ञानशिखा टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण –दि0 16.07.2025

### अजगरा विधायक ने किया इंटरलाकिंग का शिलान्यास

**वाराणसी** : हरहुआ स्थित दासेपुर में प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) में इंटरलाकिंग का शिलान्यास मंगलवार को अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने किया। विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता एके शर्मा ने बताया कि 9.33 लाख रुपये से इंटरलाकिंग, हार्टिकल्चर व फेंसिंग का कार्य कराया जाएगा। इससे आवास में रहने वाले चार सौ परिवारों को लाभ मिलेगा। (जासं)

## अमर उजाला –दि0 16.07.2025

### अजगरा से भाजपा विधायक ने किया शिलान्यास

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), दासेपुर हरहुआ में मंगलवार को विकास कार्यों का शिलान्यास अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने किया। इससे 400 परिवार लाभान्वित होंगे। यहां पर इंटरलॉकिंग टाइल्स, हॉर्टिकल्चर और फेंसिंग के कार्य होंगे। इसकी अनुमानित लागत 9.33 करोड़ है। कार्यक्रम में वीडीए के अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, अवर अभियंता विजय सिंह मौजूद रहे। ब्यूरो

अमर उजाला –दि0 16.07.2025

## स्कल्पचर लगाने के कार्य की समीक्षा

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा ने मंगलवार को बीएलडब्ल्यू की ओर से निर्मित स्कल्पचर्स को नगर के विभिन्न स्थलों पर 62 स्कल्पचर स्थापित करने की समीक्षा की। उन्होंने काम की गति अपेक्षा के अनुरूप न होने पर नाराजगी जताई। बैठक में जानकारी दी गई कि 50 स्थानों पर स्कल्पचर स्थापित किए जाने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। संबंधित ड्राइंग ठेकेदारों को उपलब्ध करा दी गई है। 35 स्थलों पर कार्य पूरा हो चुका है। 13 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है। 2 स्थलों पर कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। शेष 12 स्थलों पर प्रारम्भ न होने और 15 स्थलों पर कार्य पूर्ण न होने पर नाराजगी जताई गई। ब्यूरो

अमर उजाला –दि0 16.07.2025

## कार्यशाला में पौधरोपण की तकनीक बताई



अतिथि को पौधा देते लोग। संवाद

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर नगवां स्थित संत गुरु रविदास स्मारक पार्क में मंगलवार को विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसमें पौध प्रेमियों को बागवानी की आधुनिक तकनीकों और जैविक खाद निर्माण के तरीकों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में उद्यान विशेषज्ञ निशांत कुमार सिंह ने बताया कि बारिश पौधों की वृद्धि के लिए सर्वोत्तम समय होती है। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रयोग के माध्यम से यह प्रदर्शित किया कि बगीचों में गिरे सूखे पत्तों एवं सब्जियों के अवशेषों से कैसे कम्पोस्ट खाद तैयार की जा सकती है।

राइस फर्स्ट तकनीक के तहत धान की भूसी का प्रयोग मिट्टी की नमी और तापमान को संतुलित करने के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी अरविंद शर्मा, उद्यान निरीक्षक रामधानी प्रसाद, प्रणव श्रीवास्तव मौजूद रहे। ब्यूरो

**अमर उजाला –दि0 16.07.2025**

## 9.33 लाख के कार्यों का किया शिलान्यास

**वाराणसी**। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) दासेपुर में विधायक त्रिभुवन राम ने इंटरलॉकिंग टाइल्स, बागवानी और फेंसिंग के कार्यों का शिलान्यास किया। 9.33 लाख से ये कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान वीडीए के एक्सईएन अरविन्द शर्मा, जेई विजय आदि रहे।

**हिन्दुस्तान –दि0 16.07.2025**

## 9.33 लाख के कार्यों का किया शिलान्यास

**वाराणसी**। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) दासेपुर में विधायक त्रिभुवन राम ने इंटरलॉकिंग टाइल्स, बागवानी और फेंसिंग के कार्यों का शिलान्यास किया। 9.33 लाख से ये कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान वीडीए के एक्सईएन अरविन्द शर्मा, जेई विजय आदि रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश –दि0 16.07.2025

### दासेपुर, हरहुआ में विकास कार्यों का विधायक त्रिभुवन राम द्वारा किया गया शिलान्यास



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा ङप्रधानमंत्री आवास योजना शहरी दासेपुर, हरहुआ, वाराणसी में इंटरलॉकिंग टाइल्स, होर्टिकल्चर व फेंसिंग के कार्य का शिलान्यास विधायक अजगरा विधान सभा, श्री त्रिभुवन राम जी द्वारा सम्पनन्न किया गया। उक्त कार्य की अनुमानित लगत लगभग ङ?9.33 लाख (जी.एस.टी. समेत)ङ है। कार्य पूर्ण होने के उपरांत ङइस योजना परिसर में निवासरत लगभग 400 परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।कार्यक्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, अवर अभियंता विजय सिंह उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश –दि0 16.07.2025

### बागवानी एवं जैविक खाद निर्माण पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

वाराणसी ।वाविप्रा के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार नगवां स्थित संत गुरु रविदास स्मारक एवं पार्क में 15/07/2025 को विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित पौधप्रेमियों को बागवानी की आधुनिक तकनीकों और जैविक खाद निर्माण के तरीकों की जानकारी दी गई।कार्यशाला का संचालन कर रहे उदयान



विशेषज्ञ निशांत कुमार सिंह ने बताया कि वर्षा ऋतु पौधों की वृद्धि के लिए सवीत्तम समय होती है। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रयोग के माध्यम से यह प्रदर्शित किया कि बगीचों में गिरे सूखे पत्तों एवं रसोई में बचने वाले सब्जियों के अवशेषों से कैसे कम्पोस्ट खाद तैयार की जा सकती है। इसके लिए गड्ढा बनाकर उसमें सूखे पत्ते, सब्जी वेस्ट और यूरिया मिलाकर कुछ समय तक रखने से उत्तम जैविक खाद प्राप्त होती है।उन्होंने वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद) की विधि का भी विस्तार से परिचय कराया और बताया कि केंचुए मिट्टी की उर्वरता बढ़ाकर पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं। साथ ही, 'राइस फर्स्ट' तकनीक के अंतर्गत धान की भूसी का प्रयोग मिट्टी की नमी और तापमान को संतुलित करने हेतु उपयोगी बताया गया।इसके अतिरिक्त, टूटे हुए गमलों के पुनः उपयोग, कोकोपीट, रेत और मिट्टी के संतुलन से गमले भरने जैसी घरेलू बागवानी से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ भी साझा की गई।कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं घर-घर हरियाली को बढ़ावा देना रहा।इस अवसर पर उदयान प्रभारी अरविंद शर्मा, कनिष्ठ लिपिक (जोन-4) प्रणव श्रीवास्तव, एवं उदयान निरीक्षक रामधानी प्रसाद उपस्थित रहे।



# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## परफेक्ट मिशन–दि0 16.07.2025

### वीडीए अपर सचिव ने स्कल्पचर स्थापना कार्य की समीक्षा बैठक की



**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में बी.एल.डब्ल्यू. द्वारा निर्मित स्कल्पचर्स को नगर के विभिन्न स्थलों पर 62 स्कल्पचर स्थापित किए जाने के संबंध में एक समीक्षा बैठक मंगलवार को आयोजित की गई।बैठक में जानकारी दी गई कि 50 स्थानों पर स्कल्पचर स्थापित किए जाने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है तथा संबंधित ड्राइंग ठेकेदारों को उपलब्ध करा दी गई है। वर्तमान में 35 स्थलों पर कार्य पूर्ण तथा 13 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है तथा 02 स्थलों पर कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किया जायेगा तथा शेष 12 स्थलों पर प्रारम्भ न होने तथा 15 स्थलों पर कार्य पूर्ण न होने पर अप्रसंसा की गयी ह्य हालाँकि कार्य की गति अपेक्षा के अनुरूप न होने पर अपर सचिव द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी चिन्हित स्थलों पर कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए।

इसके अतिरिक्त, शेष स्थलों पर स्थापित किए जाने वाले स्कल्पचर्स की ड्राइंग शीघ्र तैयार कर ठेकेदारों को उपलब्ध कराने हेतु संबंधित आर्किटेक्ट को निर्देशित किया गया।उक्त बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता अरविन्द्र शर्मा, अवर अभियन्ता विजय सिंह, आर्किटेक्ट, कार्यदायी संस्था उपस्थित रहे।

## जागरूक एक्सप्रेस –दि0 16.07.2025

### वीडीए ने की स्कल्पचर स्थापना कार्य की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता



**वाराणसी।** मंगलवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में बी.एल.डब्ल्यू. द्वारा निर्मित स्कल्पचर्स को नगर के विभिन्न स्थलों पर 62 स्कल्पचर स्थापित किए जाने के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 50 स्थानों पर स्कल्पचर स्थापित किए जाने की अनुमति (एनओसी) प्राप्त हो चुकी है तथा संबंधित ड्राइंग ठेकेदारों को उपलब्ध करा दी गई है। वर्तमान में 35 स्थलों पर कार्य पूर्ण तथा 13 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है तथा 02 स्थलों पर कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किया जायेगा तथा शेष 12 स्थलों पर प्रारम्भ न होने तथा 15 स्थलों पर कार्य पूर्ण न होने पर अप्रसंसा की गयी। हालांकि कार्य की गति अपेक्षा के अनुरूप न होने पर अपर सचिव द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी चिन्हित स्थलों पर कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त, शेष स्थलों पर स्थापित किए जाने वाले स्कल्पचर्स की ड्राइंग शीघ्र तैयार कर ठेकेदारों को उपलब्ध कराने हेतु संबंधित आर्किटेक्ट को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता अरविन्द्र शर्मा, अवर अभियन्ता विजय सिंह, आर्किटेक्ट, कार्यदायी संस्था उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 16.07.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा बागवानी एवं जैविक खाद निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार नगवां स्थित संत गुरु रविदास स्मारक एवं पार्क में आज दिनांक 15/07/2025 को विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित पौधप्रेमियों को बागवानी की आधुनिक तकनीकों और जैविक खाद निर्माण के तरीकों की जानकारी दी गई।कार्यशाला का संचालन कर रहे उद्यान विशेषज्ञ निशांत कुमार सिंह ने बताया कि वर्षा ऋतु पौधों की वृद्धि के लिए सर्वोत्तम समय होती है। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रयोग के माध्यम से यह प्रदर्शित किया कि बगीचों में गिरे सूखे पत्तों एवं रसोई में बचने वाले सब्जियों के अवशेषों से कैसे कम्पोस्ट खाद तैयार की जा सकती है। इसके लिए गड्ढा बनाकर



उसमें सूखे पत्ते, सब्जी वेस्ट और यूरिया मिलाकर कुछ समय तक रखने से उत्तम जैविक खाद प्राप्त होती है।उन्होंने वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद) की विधि का भी विस्तार से परिचय कराया और बताया कि केंचुए मिट्टी की उर्वरता बढ़ाकर पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं। साथ ही, राइस फर्स्ट तकनीक के अंतर्गत धान की भूसी का प्रयोग मिट्टी की नमी और तापमान को संतुलित करने हेतु उपयोगी बताया गया।इसके अतिरिक्त, टूटे हुए गमलों के पुन: उपयोग, कोकोपीट, रेत और मिट्टी के संतुलन से गमले भरने जैसी घरेलू बागवानी से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ भी साझा की गईं।कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं घर-घर हरियाली को बढ़ावा देना रहा।इस अवसर पर उद्यान प्रभारी अरविंद शर्मा, कनिष्ठ लिपिक (जोन-4) प्रणव श्रीवास्तव, एवं उद्यान निरीक्षक रामधानी प्रसाद उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 16.07.2025

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), दासेपुर हरहुआ में विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी दासेपुर, हरहुआ, वाराणसी में इंटरलॉकिंग टाइल्स, होर्टिकल्चर व फेंसिंग के कार्य का शिलान्यास विधायक अजगरा विधान सभा, श्री त्रिभुवन राम जी द्वारा सम्पन्न किया गया।उक्त कार्य की अनुमानित लगत लगभग * ?9.33 लाख (जी.एस.टी. समेत) है। कार्य पूर्ण होने के उपरांत इस योजना परिसर में निवासरत लगभग 400 परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। इससे आवास परिसर में सुव्यवस्थित मार्ग, सौंदर्यीकरण




तथा सुरक्षा व्यवस्था को बल मिलेगा।कार्यक्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, अवर अभियंता विजय सिंह उपस्थित रहे।